राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE: HARHIN11569

वर्ष 1, अंक 168, पेज 8, मूल्य 1 रूपये मंगलवार, 3 सितम्बर 2024 samachargate@gmail.com



वंचित अनुसूचित जाति समाज ने एसडीएम अमित मान को ज्ञापन सौंपा

Page 3

## शहीद जवानों के परिवार के साथ भाजपा सरकार पूर्ण संवेदनशीलता के साथ खड़ी है : मुख्यमंत्री नायब सैनी

### मुख्यमंत्री ने शहीद राघव को अर्पित की श्रद्धांजलि, परिजनों को दी सांत्वना



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जम्मू कश्मीर में आतंकवादी मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए विकास राघव को श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके पैतृक गांव दोहला में पहुंचे। शहीद के घर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने उनको श्रद्धांजलि दी और परिवार जनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार शहीदों के परिवार के साथ सदा खड़ी है। उन्होंने कहा कि शहीद विकास राघव ने देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान किया है और पूरे देश को शहीद विकास राघव की शहादत पर गर्व है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि मां भारती की सेवा में कर्तव्य पालन के दौरान अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीद जवानों के परिवार के साथ प्रदेश सरकार पूर्ण संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आतंकियों से सख्ती के साथ निपट रही है। देश की सीमा पर तैनात हमारे वीर जवान आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत और सुरक्षित है। श्री सैनी ने कहा कि आतंकियों के मंसूबे कभी भी पूरे होने वाले नहीं है। इस मौके पर सीएम सैनी के साथ खेल मंत्री संजय सिंह, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव, जिला महामंत्री रामबीर भाटी और महेश चौहान भी मौजूद रहे।

## चुनाव प्रचार में सुरक्षा वाहन को छोड़कर 10 से ज्यादा वाहनों के काफिले को चलने की नहीं होगी अनुमति : मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल

**उम्मीदवार या राजनैतिक दल को चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति लेना जरूरी**

**रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लाउडस्पीकर के उपयोग पर रहेगा प्रतिबंध**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री पंकज अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2024 की नामांकन प्रक्रिया आरंभ होने के साथ ही चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार के समय रोड शो, चुनाव रैलियों के दौरान जनसाधारण को असुविधा न हो इसके लिए उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना करनी होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि किसी भी उम्मीदवार या राजनैतिक दल को चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति लेना जरूरी है, बिना अनुमति के प्रचार में वाहनों का प्रयोग नहीं कर सकते। उम्मीदवार या राजनैतिक दल द्वारा प्रचार के लिए जिन वाहनों का पंजीकरण करवाया गया है उनका विवरण व्यय पर्यवेक्षक को बताना जरूरी है ताकि उनके चुनाव खर्च में जोड़ा जा सकें।

इसके अलावा, किसी भी अतिरिक्त वाहन की तैनाती तभी हो सकती है, जब उम्मीदवार या उसके एजेंट द्वारा वाहनों की वास्तविक तैनाती से काफी पहले इस आशय की सूचना दी गई हो। चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे वाहनों का ब्यौरा देते समय उन क्षेत्रों, तहसीलों का ब्यौरा भी बताना चाहिए, जिनमें वाहन चलेंगे।

उन्होंने बताया कि चुनाव में प्रचार के लिए वाहनों का उपयोग यातायात नियमों के अनुसार ही करना होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा वाहन को छोड़कर 10 से ज्यादा वाहनों के काफिले को चलने की अनुमति नहीं होगी। वाहनों के बड़े काफ़िले को छोटे छोटे काफिलों में तोड़ा जाएगा और दो काफिलो में कम से कम 100 मीटर का फासला होना चाहिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जन प्रतिनिधि अधिनियम, 1951 की धारा 160 में परिभाषित साइकिल रिक्शा भी एक ऐसा वाहन है, जिसका उपयोग चुनाव प्रचार के लिए किया जा सकता है। यदि इसका उपयोग किया जा रहा है, तो उम्मीदवार को अपने चुनाव व्यय खाते में इसके व्यय का हिसाब देना होगा। यह सुनिश्चित करने के लिए, उम्मीदवार को अपने चुनाव प्रचार के लिए उपयोग किए जा रहे ऐसे रिक्शा का विवरण देना चाहिए और यदि रिक्शा के पास अपनी पहचान के लिए कोई नगरपालिका पंजीकरण/परमिट नहीं है, तो रिक्शा चालक को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उसके व्यक्तिगत नाम पर एक परमिट दिया जा सकता है, जिसे रिक्शा चालक को अभियान उद्देश्यों के लिए उस रिक्शा का उपयोग करते समय अपने साथ रखना चाहिए।

उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक मंचों पर या वाहनों पर लगाए गए लाउडस्पीकरों के प्रयोग पर रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रतिबंध रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी व रिटर्निंग अधिकारी हर प्रकार के चुनाव प्रचार पर निगरानी रखेंगे और नियमों की अवहेलना पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करेंगे।

## हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी और हरियाणा से कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा : अरूण सिंह



**चुनाव से पहले भाजपा और हुई मजबूत, पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली, जजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कबलाना और पूर्व जेल अधीक्षक सुनील सांगवान ने समर्थकों के साथ की भाजपा ज्वाइन**

**प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, चुनाव सह प्रभारी बिप्लव देब ने भाजपा का पटका पहनाकर देवेंद्र बबली, सुनील सांगवान और संजय कबलाना का स्वागत किया**

समाचार गेट ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और मजबूत हो गई। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, हरियाणा चुनाव सह प्रभारी बिप्लव कुमार देब ने जजपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली, जजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कबलाना और पूर्व जेल अधीक्षक सुनील सांगवान को भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई। इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, हरियाणा चुनाव सह प्रभारी बिप्लव कुमार देब और भाजपा राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख मौजूद रहे। मंच पर उपस्थित सभी सम्मानित पदाधिकारियों ने देवेन्द्र बबली, सुनील सांगवान और संजय कबलाना को भारतीय जनता पार्टी का पटका पहनाकर व सदस्यता की पर्ची देकर भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई और उनका पार्टी में स्वागत किया।

राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने कहा कि आज भाजपा का सदस्यता दिवस का शुभारंभ हो रहा है। ऐसे मौके पर पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली, संजय कबलाना और सुनील सांगवान अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए इन सभी का पार्टी में स्वागत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार भाजपा का ग्राफ बढ़ रहा है। देश के 20 राज्यों में एनडीए की सरकार है, इनमें से 13 राज्यों में स्वतंत्र रूप से भाजपा की सरकार है। 60 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है।

अरूण सिंह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा के पक्ष में हवा चल रही है। हरियाणा के लोग तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए आतुर है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने थोड़े से समय में ही जनता के हितों के लिए 108 काम किए हैं। हरियाणा की भाजपा सरकार ने गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए अद्भुत कार्य किए हैं। भाजपा की नीतियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके कार्यों से प्रभावित होकर दूसरी पार्टियों के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं और तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाना चाह रहे हैं।

अरूण सिंह ने दावा करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी और हरियाणा से कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा। जींद में भी बहुत लोगों ने भाजपा ज्वाइन की है। हजारों की संख्या में युवा भाजपा में शामिल हो रहे हैं और भाजपा की सरकार बनाने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि 100 प्रतिशत जनता के आशीर्वाद से भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा में बड़ी जीत हासिल करेंगे : बिप्लब देब**

त्रिपुरा के पूर्व सीएम एवं हरियाणा विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा जिस विश्वास के साथ देवेंद्र बबली, सुनील सांगवान और संजय कबलाना ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है निश्चित ही आगामी चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्ण बहुमत के साथ विजयी होंगे। बिप्लब कुमार देब ने देवेन्द्र बबली, सुनील सांगवान और संजय कबलाना द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिखाए गए दिशा और कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने पर सभी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ तीनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है निश्चित ही आगामी चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्ण बहुमत के साथ विजयी होंगे।

**विधानसभा चुनाव इतिहास रचने वाला चुनाव होगा, तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी : पंडित मोहन लाल बड़ौली**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भी भाजपा में शामिल हुए तीनों नेताओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली, संजय कबलाना जिनका अपना जनाधार है। राजनीतिक पार्टियों में अलग-अलग पदों पर रहे हैं और चुनाव भी लड़ा है। उन्होंने कहा कि सुनील सांगवान के पिता भी विधायक एवं मंत्री रहे हैं और आज सरकारी नौकरी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं मैं इन सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करता हूं। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि विधानसभा चुनाव इतिहास रचने वाला चुनाव होगा और तीसरी बार लगातार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी।

**जन आशीर्वाद से तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएंगे : देवेंद्र बबली**

जननायक जनता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने पर पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली ने राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, चुनाव सह प्रभारी बिप्लव कुमार देब, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है। पूरी दुनिया में भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने कहा कि मैं आज भाजपा में शामिल होकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

देवेंद्र बबली ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से हरियाणा को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे भाजपा के साथ मिलकर काम करने का सौभाग्य मिला है। हरियाणा की जनता को सम्मान देना है इसी सोच को लेकर भाजपा में शामिल हुए हैं। हम सबक मिलकर तीसरी बार हरियाणा में जनता के आशीर्वाद से भाजपा की सरकार बनाएंगे। विकास की जो गति हमने हरियाणा में दी है उसे और तेजी से आगे बढ़ाते हुए काम करेंगे। वहीं संजय कबलाना ने अपनी घर वापसी कराने पर सभी नेताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कुछ समीकरण ऐसे बनें जिससे वह रास्ता भटक गए थे। अब दोबारा अपने घर आने का मौका मिला है यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि दिन रात कड़ी मेहनत करते हुए तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए काम करेंगे। सुनील सांगवान ने भी भाजपा के शीर्ष नेताओं का आभार जताया और कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का सदस्य होना मेरे लिए गर्व और गौरव की बात है। भाजपा में शामिल हुए सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के मार्गदर्शन में धरातल पर पार्टी को मजबूत करने और विधानसभा चुनाव में फिर एक बार कमल खिलाने का संकल्प लिया।

## यातायात जाम, जलभराव, सीवरजाम या ओवरफ्लो, पेयजल संकट, स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं से जूझ रहा है हरियाणा: कुमारी सैलजा



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़/सिरसा** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश की भाजपा सरकार के सभी दावों को ठुकराते हुए कहा कि पिछले दस सालों में भाजपा ने प्रदेश का विकास नहीं विनाश किया है, प्रदेश के किसी हर जिले के छोटे-बड़े शहर, यातायात जाम, जलभराव, सीवर जाम या ओवर फ्लो, पेयजल संकट, स्ट्रीट लाइट जैसे समस्याओं से जूझ रहे है, बड़े- बड़े शहरों में लगने वाले जाम से जिंदगी ठहर जाती है, तो जलभराव में जिंदगी तैरती नजर आती है। प्रदेश की जनता मूलभूत सुविधाओं से जूझ रही है, अगर भाजपा इसी को विकास कहती है तो प्रदेश की जनता को ऐसा विकास नहीं चाहिए। भाजपा जुमलेबाज है झूठी घोषणाएं करने में उसका कोई सानी नहीं है। दस साल से भाजपा के उत्पीडन और शोषण का शिकार हो रही जनता इस बार भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी और कांग्रेस को सत्ता में लेकर आएगी। विकास को ढूंढ-ढूंढ कर शहरवासी परेशान हैं, टूटी सड़कोंं से आवाजाही बदहाल है, कानून व्यवस्था चरमरा सी गई है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जब से सत्ता संभाली है, धर्म और जाति के नाम पर जनता को आपस में लड़ाती रही है, विकास के नाम पर भाजपा ने प्रदेश को और पीछे धकेल दिया, यह सरकार कांग्रेस के शासन में लागू की गई योजनाओं के नाम बदलकर जनता को गुमराह करने का काम करती रही है, अगर भाजपा सरकार ने कुछ किया होता तो देश का अन्नदाता सड़को पर न बैठा होगा, कर्मचारी अपने हक की आवाज उठाने के लिए धरना प्रदर्शन न करते, जहां पर देखों वहीं पर धरना प्रदर्शन दिखाई देते हैं, इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार ने क्या कुछ किया है।

## विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने फरीदाबाद बॉर्डर पर लगाए इंटरस्टेट नाके



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** सीपी के दिशा निर्देश पर चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस द्वारा फरीदाबाद बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की निगरानी रखने के लिए इंटर स्टेट नाके लगाए गए हैं। इसके साथ ही अर्धसैनिक बल के साथ मिलकर एनआईटी, बल्लबगढ़ व सेन्ट्रल जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा चुनाव में कानून व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। चुनाव के दौरान नशा व शराब तस्करी रोकने तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए फरीदाबाद बॉर्डर पर इंटरस्टेट नाके लगाकर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा रही है।

फरीदाबाद पुलिस द्वारा बदरपुर बॉर्डर, जैतपुर दिल्ली बॉर्डर, शूटिंग रेंज सूरजकुंड, मांगर भाटी माइंस, मोहना तथा मंझावली यमुना पुल सहित 7 नाके लगाए गए हैं जहां पर पुलिस बल के साथ अर्धसैनिक बल भी पर्याप्त संख्या में तैनात किए गए हैं। शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की दो टीम गठित की गई है जिसमें एक टीम एनआईटी जोन तथा दूसरी टीम बल्लभगढ़ व सेंट्रल जोन में शराब तस्करी में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ कर शराब तस्करी पर अंकुश लगाने का काम करेगी। इसके साथ ही शराब के 51 गोदाम के आस पास चुनाव के मद्देनजर नाके लगाए गए है जिससे पुलिस टीम शराब के आवागमन पर निगरानी रखेगी।

इसके साथ ही फरीदाबाद पुलिस द्वारा तीनों जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों को चुनाव में अपने मताधिकार का स्वतंत्र, निष्पक्ष एव शांतिपूर्ण तरीके से प्रयोग करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने बारे जानकारी प्रदान की जा रही है।

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एमएसपी के आंकड़े देकर की कांग्रेस और बीजेपी की तुलना

### कहा- एमएसपी देने और बढ़ाने के मामले में कांग्रेस के मुकाबले दूर-दूर तक नहीं ठहरती बीजेपी



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि एमएसपी को बढ़ाने और किसानों को एमएसपी देने के मामले में बीजेपी सरकार कांग्रेस के मुकाबले दूर-दूर तक कहीं नहीं ठहरती। खुद सरकारी आंकड़े इस बात का प्रमाण है कि बीजेपी सरकार के मुकाबले कांग्रेस कार्यकाल के दौरान एमएसपी में कई गुना ज्यादा बढ़ोतरी हुई। बीजेपी ने सिर्फ एमएसपी बढ़ोतरी की रफ्तार पर ब्रेक लगाने का काम किया और किसानों को घाटे में धकेला। यही वजह है कि आज हरियाणा समेत पूरे देश का किसान आंदोलनरत है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने आवास पर किसानों की मांगों और समस्याओं को सुन रहे थे। इस मौके पर हुड्डा ने एमएसपी के आंकड़े पेश करते हुए बताया कि 2004-05 में जब कांग्रेस सत्ता में आई तो गेंहू का रेट सिर्फ 640 रुपये था। इसमें दोगुने से ज्यादा बढ़ोतरी करके कांग्रेस ने 1450 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंचाया यानी कांग्रेस ने रेट में 126.5% बढ़ोतरी की। लेकिन बीजेपी के पूरे कार्यकाल में आज तक गेहूं के रेट में सिर्फ 51.7% की ही बढ़ोतरी हुई है। यानी कांग्रेस के मुकाबले आधी से भी कम।

इसी तरह धान की बात की जाए तो कांग्रेस ने 560 रुपये रेट में ढाई गुना बढ़ोतरी करके इस 1360 रुपये किया यानी कांग्रेस ने रेट में 143% बढ़ोत्तरी की। लेकिन बीजेपी ने कांग्रेस के मुकाबले आधे से भी कम 60% बढ़ोतरी की। कपास की बात करें तो कांग्रेस रेट को 1760 से बढ़ाकर 4050 रुपये किया यानी 130% की बढ़ोतरी। लेकिन बीजेपी ने आज तक सिर्फ 53.7% ही बढ़ोतरी की। बाजरा के रेट में कांग्रेस ने 143% तो बीजेपी ने सिर्फ 100%, सूरजमुखी की एमएसपी में कांग्रेस ने 180% तो बीजेपी सिर्फ 70.6% की बढ़ोतरी की।

राज्य सरकार के भाव की बात करें तो कांग्रेस सरकार से पहले 2005 तक गन्ने का भाव सिर्फ 117 रुपये था। इसमें ढाई गुणा से ज्यादा यानी 165 % बढ़ोतरी करके कांग्रेस ने रेट को 310 रुपये किया था। लेकिन बीजेपी ने आज तक रेट को सिर्फ 386 रुपये किया है यानी मात्र 24.5% की बढ़ोतरी की है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि किसानों को एमएसपी दिलवाने के मामले में भी बीजेपी सरकार कांग्रेस के मुकाबले काफी पीछे है। इसकी वजह यह है कि कांग्रेस एमएसपी के सही मतलब और उसकी उपयोगिता को समझती है। इसलिए हमने अपने कार्यकाल के दौरान व्यवस्था बनाई कि जैसे ही मंडी में फसल की आवक होगी तो तुरंत सरकारी एजेंसियां उसकी खरीद शुरू कर देंगी। इसके चलते मार्केट में फसल के भाव अपने आप बढ़ जाते थे और प्राइवेट एजेंसियों को भी एमएसपी या उससे ज्यादा रेट पर किसानों की फसल खरीदनी पड़ती थी। इस तरीके से प्रदेश के ज्यादातर किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिल जाता था।

लेकिन बीजेपी ठीक इसके विपरीत काम करती है। जब भी किसान अपनी फसल मंडी में लेकर पहुंचता है तो कोई भी सरकारी एजेंसी खरीद नहीं करती। कई-कई दिनों तक किसानों को खरीद शुरु होने का इंतजार करना पड़ता है। मजबूरी में किसानों को प्राइवेट एजेंसियों के पास जाना पड़ता है, जो एमएसपी से बहुत कम रेट पर उनकी फसल खरीदती हैं। इसके चलते मार्केट में फसलों का रेट गिर जाता है और किसानों को भारी घाटा होता है। जब बड़ी मात्रा में किसान अपनी फसल बेच देते हैं, तब सरकार द्वारा खरीद शुरू की जाती है और इसके चलते ज्यादातर किसान एसपी से वंचित हो जाते हैं। कांग्रेस सरकार बनने पर इस व्यवस्था को बदला जाएगा और किसानों के लिए एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित की जाएगी।

# अतिक्रमण से परेशान आरडब्ल्यूए-एमडब्ल्यूए के पदाधिकारी सड़क पर उतरे

## सेक्टर-15 की मार्केट में निकाला अतिक्रमण से परेशान लोगों ने पैदल मार्च



सड़कों पर बैनर लेकर उतरे पदाधिकारी: फोटो ओमप्रकाश पंचाल



पुलिस को घायल कुत्ते को लेकर शिकायत करते पदाधिकारी, पुलिसकर्मी एमसीएफ को शिकायत करने की बात कहकर टालते हुए: फोटो ओमप्रकाश पंचाल

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** सेक्टर-15 की मार्केट में रेहड़ी पटरी वालों के अतिक्रमण से परेशान आरडब्ल्यूए-एमडब्ल्यूए के पदाधिकारी संयुक्त रूप से सडक पर उतरे और मार्केट में पैदल मार्च निकाल रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि जब मार्केट में नगर निगम ने वर्ष 2018 में वैंडिंग जोन बनाया था।

उस समय यहां कुल 27 दुकानें अलॉट की गई थी, जो वर्ष 2024 में बढ़कर 90 हो गई है। वहीं लोगों ने मौके पर ही दिखाया कि किस तरह से आवारा घायल बदबूदार डॉगी दुकानों में बैठे थे और इसकी शिकायत पुलिस से की, तो पुलिस ने एमसीएफ को शिकायत करने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ दिया।

### रेहड़ी-पटरी वालों ने बनाई पक्की दुकानें:

अब रेहडी पटरी वालों ने पक्की दुकानें बनाने के साथ अन्य लोगों को किराए पर फड़ देना शुरू कर दिया है। अब यहां वैंडिंग जोन में कुल 90 दुकानें हो गई है। यहां वाहनों की पार्किंग के लिए जगह नहीं बची है। इस कारण मार्केट में हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। औद्योगिक नगरी का सरोजनी नगर मार्केट कहा जाने वाला मार्केट में सीवर ओवरफ्लो और गंदगी की समस्या से लोग परेशान है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान न होने पर परेशान लोग सडक पर उतरे है। यदि इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं होगा, तो दुकानदार मार्केट को बंद करेंगे और विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

### सीएम, डीटीपी व निगमायुक्त को दी शिकायत:

इस संबंध में मार्केट एसोसिएशन और आरडब्ल्यूए पदाधिकारी वैंडिंग जोन को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए मुख्यमंत्री, डीटीपी और नगर निगम आयुक्त से पिछले तीन साल से शिकायत कर रहे है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं सेक्टर-15 आरडब्ल्यूए पदाधिकारी नीरज चावला, मार्केट एसोसिएशन के प्रधान आलोक, शोभा और रमेश कुमार ने बताया कि यहां नगर निगम ने छह बाई चार की दुकानें रेहड़ी पटरी वालों को छह वर्ष पहले दी गई थी।

# सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल ने प्राप्त किया राष्ट्रीय स्कूल पुरस्कार 2024

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** दयालबाग सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल को राष्ट्रीय स्कूल अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। दिल्ली में नेशनल स्कूल अवार्ड 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के स्कूलों जैसे पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, राजस्थान आदि स्कूलों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया एवं सभी ने अलग-अलग क्षेत्रों में पुरस्कार प्राप्त किया। भारत के विभिन्न राज्यों में हरियाणा राज्य के सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल ने सभी स्कूलों को पीछे छोड़ते हुए इको फ्रेंडली क्षेत्र में राष्ट्रीय स्कूल अवार्ड 2024 प्राप्त किया परन्तु सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल एक अकेला ऐसा स्कूल रहा जिसने दो कैटेगरी में पुरस्कार प्राप्त किया।



पहला पुरस्कार स्कूल को इको फ्रेंडली 2024 व दूसरा प्रधानाचार्या शुभ्रता सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता एवं प्रतिबद्धता के लिए दिया गया। शिक्षा स्तर 2024 को ऊँचा उठाने में उनके उल्लेखनीय योगदान को प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें शिक्षकों और पूरे स्कूल समुदाय की कड़ी मेहनत की सराहना की गई। यह उपलब्धि शिक्षा में उत्कृष्ट के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वास्तव में यह पुरस्कार शिक्षकों को प्रेरणा देने और सशक्त बनाने, सीखने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने और टीम के सामूहिक प्रयास को दर्शाता है जो हर शिक्षक की सफलता और भलाई को सुनिश्चित करता है। इसमें एक सहायक और समृद्ध शिक्षक वातावरण बनाने का पूर्ण प्रयास किया गया है। प्राप्त पुरस्कार की खुशी जाहिर करते हुए स्कूल के मुख्य निदेशक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र भड़ाना एवं प्रधानाचार्या शुभ्रता सिंह ने सुयोग्य सम्मान के लिए सभी को बधाई दी और बताया कि यह सम्मान हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है।

# इंटर-स्कूल स्विमिंग चैम्पियनशिप हुई शुरू

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** सेक्टर-17 स्थित मॉडर्न स्कूल में इंटर-स्कूल स्विमिंग चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप मे मनमोहन गुप्ता, मैरी मेसी और एके पण्डित इस तैराकी प्रतियोगिता में उपस्थित रहे। विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने इसमें भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हर समूह के शीर्ष 3 विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं: जिनको मेडल से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन 25 मीटर फ्रीस्टाइल में शिव नादर स्कूल के अरमान गोसाई ने प्रथम, मॉडर्न स्कूल, सेक्टर-17 के जिग्यांश ने दूसरा और ओपन से त्रिधाय गोयल ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 50 मीटर फ्रीस्टाइल (समूह 1) में डीसी मॉडल स्कूल के उदित मलिक ने पहला, होली चाइल्ड स्कूल के यतिन तिवारी ने दूसरा, एपीजे स्कूल के रुद्राक्ष खत्री ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 50 मीटर फ्रीस्टाइल (समूह 2) में सेक्टर-19 डीपीएस के कृष मोहिंद्रा ने प्रथम और कबीर ने द्वितीय स्थान तथा मॉडर्न स्कूल सेक्टर 17 के गिरिवेश ने तीसरा स्थान हासिल किया है। 50 मीटर फ्रीस्टाइल (समूह 4) में अरावली सेक्टर-85 के रय्यान ने प्रथम स्थान लिया और वहीं माडर्न



चैम्पियनशिप में भाग लेते खिलाड़ी: फोटो ओमप्रकाश पंचाल

स्कूल सेक्टर-17 सिद्धार्थ शर्मा ने द्वितीय और शेखर शर्मा ने तृतीय स्थान लेकर स्कूल का नाम रोशन किया। 50 मीटर फ्रीस्टाइल (समूह 5) में एमबीएन अरावली के श्रेय अग्रवाल ने प्रथम, माडर्न स्कूल सेक्टर-17 के वर्णित रस्तोगी ने दूसरा और ओपन से वहेवन जैन ने तीसरा स्थान हासिल किया है। 100 मीटर फ्रीस्टाइल (समूह 1) में उदित मलिक डी.सी. मॉडल ने पहला, यतिन तिवारी, होली चाइल्ड ने दूसरा और रुद्राक्ष खत्री एपीजे ने तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं 100 मीटर फ्रीस्टाइल (समूह 2) में कृष मोहिंद्रा डी.पी.एस ने पहला, कबीर डी.पी.एस, सेक्टर 19 ने दूसरा और अकालबीर मनसकृति स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं 100 मीटर बैकस्ट्रोक (समूह 1) में शिवाजी राव डी.ए.वी, सेक्टर 14 ने पहला, रुद्राक्ष खत्री एपीजे स्कूल ने दूसरा, प्रीत मॉडर्न स्कूल, सेक्टर 17 ने तीसरा स्थान हासिल किया हैं। 100 मीटर बैकस्ट्रोक (समूह 2) में शौर्य देशवाल अशोक मेमोरियल ने पहला, दूसरा नेस सिंह एम.आर.आई.एस, सेक्टर 14 और तीसरा स्थान अकालबीर सिंह मनसकृति स्कूल ने हासिल किया है। 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक (समूह 1) शिवाजी राव डी.ए.वी, सेक्टर 14 ने पहला, यतिन तिवारी होली चाइल्ड ने दूसरा, प्रीत मॉडर्न स्कूल, सेक्टर 17 ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक (समूह 2) में कृष डी.पी.एस, सेक्टर 19 ने पहला स्थान, आयुष मॉडर्न स्कूल, सेक्टर 17 ने दूसरा स्थान और जिवितेश मॉडर्न स्कूल, सेक्टर 17 ने तीसरा स्थान हासिल किया। 50 मीटर बटरफ्लाई (समूह 1) में उदित मलिक डी.सी. मॉडल ने पहला, प्रीत मॉडर्न स्कूल, सेक्टर 17 दूसरा और तीसरा यतिन तिवारी होली चाइल्ड स्कूल ने प्राप्त किया। 50 मीटर बटरफ्लाई (समूह 2) में पहला स्थान शौर्य देशवाल अशोक मेमोरियल और दूसरा स्थान सूर्यांश तोमर अरावली, सेक्टर 85 और तीसरा स्थान जिवितेश मॉडर्न स्कूल, सेक्टर 17 ने हासिल किया। 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक (समूह 1) शिवाजी राव डी.ए.वी, सेक्टर 14 ने पहला, दूसरा स्थान यतिन तिवारी होली चाइल्ड, तीसरा स्थान प्रीत मॉडर्न स्कूल, सेक्टर 17 हासिल किया है। 100 मीटर इंडिविजुअल मेडले (समूह 1) में शिवाजी राव डी.ए.वी, सेक्टर 14 ने पहला, दूसरा स्थान उदित मलिक डी.सी. मॉडल ने और तीसरा स्थान प्रीत मॉडर्न स्कूल, सेक्टर 17 ने हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया और अपनी क्षमताओं का परिचय दिया। मॉडर्न स्कूल सेक्टर 17 के छात्रों ने विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कई पदक जीते।

## राज्य स्तरीय शिविर में प्रशिक्षित हो रही सराय ख्वाजा की बालिकाएं



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा कुरुक्षेत्र के गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित किए जा रहे छः दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा, फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड सदस्य छात्राएं प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। मनचंदा ने कहा कि विद्यालय की पांच जूनियर रेडक्रॉस सदस्य छात्राएं और अंग्रेजी प्राध्यापिका अर्चना गीता ज्ञान संस्थानम कुरुक्षेत्र में स्टेट रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में प्रतिभागिता करते हुए सोलो डांस, ग्रुप डांस, ग्रुप सॉन्ग, लक्की स्टार आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। इन सभी प्रतियोगिताओं का परिणाम शिविर के समापन सत्र में घोषित किया जाएगा। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा और विद्यालय स्टाफ ने सभी जे आर सी सदस्य छात्राओं और अध्यापकों को प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण को श्रेष्ठ प्रकार से आत्मसात करने के लिए प्रेरित करते हुए अतुलनीय प्रदर्शन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्रतिभागिता कर रही प्राध्यापिका अर्चना का उत्साहवर्धन किया। सभी प्रतिभागी छात्राएं प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागिता के साथ कुरुक्षेत्र के समीपवर्ती स्थलों पैनोरमा आदि का भ्रमण कर कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से भी परिचित हो रही हैं। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने आज आयोजित होने वाले सभी प्रतियोगिताओं में सभी प्रतिभागी छात्राओं को सफल होने की शुभकामनाएं दी तथा शिविर में बताई गई रेडक्रॉस एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वाह संबंधी ज्ञान को भली भांति समझने का आग्रह किया। विद्यालय की टीम शिविर में 30 अगस्त से प्रतिभागिता कर रही हैं। शिविर का समापन चार सितंबर को होगा।

## घर से लापता लड़की को किया एक माह बाद बरामद

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा कैट की टीम ने 1 महीने से लापता 24 वर्षीय लडकी को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। 28 जुलाई को तिगांव थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें लडकी के परिजनों ने बताया कि उनकी लडकी 27 जुलाई से लापता है। जिस पर थाना पुलिस के द्वारा मामला दर्ज कर लडकी की तलाश की जा रही थी। पुलिस आयुक्त द्वारा क्राइम ब्रांच कैट को लडकी की तलाश की जिम्मेवारी सौंपी गई।

## डीसीपी साइबर ने गुमशुदा 30 मोबाइल फोन वापिस लौटाए

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त सेंट्रल व साइबर जसलीन कौर के दिशा निर्देश में साइबर सेल सेंट्रल ने गुम हुए 30 मोबाइल फोन तकनीकी सहायता के आधार पर ढूंढ निकाले हैं जिन्हे डीसीपी ने उनके असल मालिकों को वापिस लौटाए है जिनकी कीमत करीब 5.50 लाख रुपए हैं। इससे पहले भी साइबर टीम द्वारा करीब 25 लाख कीमत के 84 मोबाइल फोन तलाश किए गए थे। पुलिस प्रवक्ता ने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि साइबर सेल सेंट्रल टीम ने



सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न लोगो के गुम हुए 30 गुमशुदा मोबाइल फोन को ट्रेस करने उपरांत मोबाइल फोन को उनके असल मालिकों को वापस लौटकर उनके चेहरे पर दोबारा से खुशिया लौटाई। सभी लोग अपने खोए हुए मोबाइल को दोबारा वापिस पाकर खुशी जाहिर करते हुए तालियां बजाकर दिल से धन्यवाद किया। पुलिस विभाग द्वारा किये गये इस कार्य की सराहना की। उपरोक्त सभी लोगो अपने अपने खोए हुए मोबाइल को वापस पाकर खुशी से डीसीपी साइबर व पुलिस टीम का धन्यवाद किया है। इससे पूर्व में भी फरीदाबाद पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन उनके मालिको तक पहुंचाए गए थे और भविष्य में भी मोबाइल फोन ढूंढ कर उनके असली मालिकों तक पहुंच जाएंगे।

## जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन का संदेश




समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार गवर्मेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद की सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत जन जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

प्राध्यापिका गीता और प्राध्यापिका ममता ने जागरूकता कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जे आर सी एवम एस जे ए बी अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि जल शक्ति अभियान के अंतर्गत सभी अध्यापकों, स्टाफ सदस्यों एवम छात्र और छात्राओं से वर्षा जल संचयन द्वारा जल की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है इस प्रकार से बच्चों की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे तरु यात्रा, प्रभात फेरी, जागरूकता रैली, मानव श्रंखला, पौधागिरी अभियान, वॉल पेंटिंग, निबंध लेखन, पोस्टर, स्लोगन लेखन, भाषण, डिबेट आदि गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता करके बच्चे स्वयं जागरूक बनकर अपने स्वजनों, मित्रों, सहपाठियों तथा सामान्य जनों को भी जल शक्ति अभियान से जोड़ रहे हैं प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि वर्षा जल संचयन से हम मानवता पर मंडरा रहे जल संकट से सुरक्षित रह सकते हैं वर्षा जल प्रणाली और वर्षा जल संयंत्र द्वारा उन क्षेत्रों में जहां जल आपूर्ति असामान्य है जल संकट का समाधान किया जा सकता है। वर्षा जल संचयन से जल के भूमिगत भंडार में वृद्धि होती है भूमिगत जल स्तर ऊपर होता है विभिन्न प्रतियोगिताओं में तथा कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग द्वारा सम्मानित और पुरस्कृत भी किया जाता हैं। प्राचार्य मनचंदा, प्राध्यापिका सुशीला बेनीवाल और गीता ने जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभागिता करने वाली सभी छात्राओं को सम्मानित करते हुए अभिनंदन किया तथा सभी से आग्रह किया कि सभी अपने अपने स्तर पर भी जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण करें, जल को व्यर्थ न करें तथा वर्षा जल संचयन प्रणाली से वर्षा जल को व्यर्थ जाने देने से रोकें।

# विधानसभा चुनाव-2024 को फेयर एण्ड फ्री करवाने के लिए अधिकारियों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि सही प्रशिक्षण लेने के उपरांत कार्य के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कमी की गुंजाइश बहुत ही कम होती है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने आज स्थानीय अमृता अस्पताल के ऑडिटोरियम में विधानसभा चुनाव-2024 की प्रक्रिया से जुड़े सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर्स, प्रजाइडिंग ऑफिसर और सहायक प्रजाइडिंग ऑफिसर को चुनाव के सफल संचालन के निर्देश दिए।




जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने प्रैजाइडिंग अधिकारी को मतदान केंद्र पर सामान्य निगरानी में बिजली, पेयजल, रैम्प सहित निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अन्य मूलभूत सुविधाओं की चेकिंग करना, मतदान प्रक्रिया का प्रबंधन करना, चुनाव अधिकारियों की गणना और भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार प्रबंध करने बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं सहायक प्रैजाइडिंग अधिकारी द्वारा प्रैजाइडिंग अधिकारी के साथ सहायता करना, मतदान प्रक्रिया में सहायता प्रदान करना, मतदान केंद्र की सुरक्षा और क्रियान्वयन में सहायता करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने चुनाव की प्रक्रिया से जुड़े सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सेक्टर ऑफिसर्स, प्रजाइडिंग ऑफिसर और सहायक प्रजाइडिंग ऑफिसर से पिछले चुनाव में आई समस्याओं के बारे में जानकर उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया। सीईओ जिला परिषद सतबीर मान और डीडीपीओ प्रदीप कुमार द्वारा संयुक्त रूप से चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षित करते हुए कहा कि सहायक वापसी अधिकारी को विधानसभा चुनाव में किस प्रकार काम करना, चुनाव की तैयारियों में कैसे सहायता करना, मतदान केंद्रों की जांच किस तरह से करनी है, बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वहीं सेक्टर अधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों की निगरानी करना, मतदान अधिकारियों की तैयारियों के संगठित करना, मतदान प्रक्रिया की स्मूथ प्रचलन सुनिश्चित करने बारे में बारीकी से प्रशिक्षण में जानकारी दी गई।

# बागोत-उच्चत के नजदीक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से फैली सनसनी

**कनीना सुनील दीक्षित**

कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव बागोत-उच्चत के नजदीक खेत से एक व्यक्ति की लाश मिली है। मृतक कि उम्र करीब 35 वर्ष आँकी गई हैं सूचना मिलने पर शव को कनीना सदर थाना पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर सिनाख्त को अपील की है। लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को 72 घंटे के लिए उप नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ के मोर्चरी हाउस में रखवाया है। नियत समय अवधि में शव की पहचान न होने पर नगरपालिका की ओर से ससम्मान उसका अंतिम संस्कार किया जायेगा। शव के पहचान की सूचना मिलने पर पीडित परिजन कनीना सदर थाना प्रबंधक से संपर्क कर सकते हैं।

## अटेली हलके के नामांकन पत्र एसडीएम कार्यालय कनीना में लिए जाएंगे

**कनीना सुनील दीक्षित**



आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 5 सितंबर से प्रत्याशी रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। अटेली हलके के नामांकन कनीना स्थित एसडीएम कोर्ट कैंपस में लिए जाएंगे। चुनाव में होने वाले खर्च का ब्योरा मेंटेन करने के लिए प्रत्याशी को बैंक में अलग से खाता खुलवाना पड़ेगा और लेनदेन इसी खाते से करना होगा। अटेली हलके के आरओ एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विभिन्न राजनीतिक पार्टियों व संगठनों की मांग पर अब मतदान का दिन 5 अक्टूबर निर्धारित किया है वहीं चुनाव परिणाम 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 5 से 12 सितंबर तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। जिनकी जांच 13 सितंबर को होगी 16 सितंबर तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय की बजाय पहली बार हरेक हल्का वाइज नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के लिए एसडीएम रमित यादव को रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है। जो अपने कार्यालय में नामांकन पत्र प्राप्त करेंगे। नारनौल विधानसभा क्षेत्र के लिए लघु सचिवालय के कोर्ट कैंपस में एसडीएम डा जितेंद्र सिंह नामांकन लेंगे। महेंद्रगढ़ विधानसभा के लिए एसडीएम संजीव कुमार रिटर्निंग अधिकारी के रूप में अपने कोर्ट रूम में नामांकन पत्र प्राप्त करेंगे। अटेली हलके के प्रत्याशियों के नामांकन पत्र लेने के लिए कर्मचारियों द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि रविवार को नामांकन पत्र दाखिल नहीं किए जाएंगे। नामांकन दाखिल करने से पहले सभी प्रत्याशी अपने कागजात की अच्छी तरह से जांच कर लें। कागजात पूरे होने के बाद नामांकन के लिए पहुंचे। ऐसा करने से उनका आवेदन रद्द होने से बच सकता है

# पेड न्यूज पर पैनी नजर रखें मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी : डीसी

**समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया**




**रेवाड़ी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में 15वें हरियाणा विधानसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने सोमवार को लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर कमरा नंबर 311 डीआईपीआरओ कार्यालय में स्थापित एमसीएमसी सेल का निरीक्षण करते हुए एमसीएमसी कमेटी के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर पेड न्यूज पर पैनी नजर रखें और प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित होने वाली पेड न्यूज को तुरंत प्रभाव से नोटिस करते हुए उसकी सूचना जिला निर्वाचन विभाग को भिजवाएं ताकि पेड न्यूज से संबंधित खर्च उम्मीदवार के खर्च रजिस्टर में जोड़ा जा सके। उन्होंने इस अवसर पर लॉग रजिस्टर व अन्य दस्तावेजों का भी बारीकी से अवलोकन करते हुए जानकारी प्राप्त की।

जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उम्मीदवार व राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा वहीं प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन का भी प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। प्रचार सामग्री का प्रमाण पत्र लेने के लिए 48 घंटे पहले एमसीएमसी के पास प्रमाण पत्र के लिए निर्धारित फार्म में आवेदन करना होगा। एमसीएमसी कमेटी का कार्य पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि विधानसभा आम चुनाव के दौरान उम्मीदवार एवं राजनीतिक दल चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन एवं प्रसारण के लिए प्रमाण पत्र लेने के लिए लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर कमरा नंबर 311 में डीआईपीआरओ कार्यालय में स्थापित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग सेल में संपर्क कर सकते हैं।

डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा को मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी की कार्यप्रणाली व मॉनिटरिंग टाइमिंग व शिफ्ट की जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा पेड न्यूज व राजनीतिक विज्ञापनों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं तथा कमेटी के सदस्य एलईडी स्क्रीन व समाचार पत्रों के माध्यम से विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर पेड न्यूज व राजनीतिक विज्ञापनों की प्रभावी रूप से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। साथ ही पेड न्यूज से संबंधित रिपोर्ट जिला निर्वाचन विभाग को भेजी जा रही है। एमसीएमसी कमेटी चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर राजनीतिक चुनाव प्रचार की मॉनिटरिंग कर रही है।

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा आम चुनाव के दौरान निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए जिला स्तर पर लघु सचिवालय में स्थापित शिकायत मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम व कॉल सेंटर का भी निरीक्षण किया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अवसर पर सीटीएम प्रीति रावत, डीआईओ महेश भारद्वाज, नायब तहसीलदार चुनाव अजय यादव, एमसीएमसी सेल में कार्यरत सदस्य कुलदीप वशिष्ठ, अमित कुमार, संदीप कुमार, विनय कुमार मौजूद रहे।

# देश दुनिया और मानवता के संरक्षण के लिए, सशक्त हिन्दुत्व अति आवश्यकः नरेन्द्र जोशी

**समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया**



**रेवाड़ी।** विश्व हिन्दू परिषद् की स्थापना के 60 बर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, विहिप द्वारा पूरे भारत राष्ट्र सहित अन्य बहुत सारे देशों में षष्टी पूर्ति उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में रेवाड़ी जिले के धारूहेड़ा नगर में भी, सैक्टर स्थित शिव मन्दिर में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप नगर अध्यक्ष जितेन्द्र यादव जोनियावास ने की जिसमे विहिप के प्रांतीय संस्कृत आयाम प्रमुख डॉ अश्विनी जोशी, दुगार्वाहिनी विभाग संयोजिका रूचि, जिला संयोजिका किरण एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र जोशी की विशेष उपस्थिति रही। अश्विनी जोशी एवम् दुगार्वाहिनी नगर संयोजिका नक्षु शर्मा ने दीप प्रज्वलन द्वारा कार्यक्रम का प्रारम्भ किया, तत्पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में विहिप जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र जोशी ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद् की स्थापना हिंदुओं को एकत्रित, संगठित और जागृत करने के लिए हुई, जो की बहुत ही आवश्यक थी। क्योंकि पूरी दुनियां में हिन्दू ही ऐसा है, जो समस्त विश्व के कल्याण की बात करता है। वह पक्षियों को चुग्गा भी डालता है, चींटियों को आटा भी डालता है। गाय और कुत्ते को रोटी भी देता है तो, अन्य पशुओं के जीवन की रक्षा भी करता है। हिन्दू पीपल और बड़ के पेड़ को पानी भी चढ़ाता है, तो नदी और पर्वत की पूजा भी करता है। अर्थात प्रत्येक प्राणी की, प्रकृति की पर्यावरण चिन्ता करने वाला हिन्दू ही है, इसलिए रूस, यूरोप और अमेरिका जैसे देशों में भी हिन्दुत्व के प्रति लोगों में आकर्षण बढ़ रहा है। किन्तु जहां जहां भी हिन्दू घटा है, वहां वहां विनाश ही हुआ है, जिसका प्रमाण हमे अपने पड़ोसी देशों सहित दुनियां के अन्य भागों में देखने को मिलता है। अर्थात दुनियां को बचाना है तो, सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सनतु निरामया कहने वाले हिन्दुत्व को बचाना और विस्तार, करना ही पड़ेगा। किन्तु आज कुछ दूसरी मानसिकता वाली ताकते हिन्दुत्व को ही कलंकित और समाप्त कर देना चाहती हैं, ऐसी मानसिकता वालो को विफल करते हुए, हमे लगातर आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम के अंत मे संगठन विस्तार हेतु नगर में नए दायित्वों की घोषणा की जिसने विशेष तौर पर राकेश कुशवाह को नगर उपाध्यक्ष का दायित्व सोपा साथ ही 16 अन्य नए कार्यकताओं को जोड़ा गया है इस कार्यक्रम में नगर संपर्क प्रमुख डॉ प्रवीण सोनी, धर्मपाल, देवेन्द्र, अनिल, मुकेश, बबलु शेखावत, मुकेश भाटी, सचिन, प्रवीन, रामसिंह, जयबीर एवं मातृशक्ति व दुगार्वाहिनी से रिन्कू, राखी, प्रीति, मंजू गुप्ता, मीना, सारदा कवर, बिमलेश व भारी संख्या में अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं : कैप्टन

**समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया**



**रेवाडी।** जिला पार्षद मनीराम यादव द्वारा विधायक चिरंजीव राव के समर्थन में कार्यकर्ता बैठक बुलाई, जिसमें पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव व विधायक चिरंजीव राव ने पंहुचकर कार्यकताओं को संबोधित किया। कैप्टन अजय सिंह यादव ने समर्थकों में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता किसी भी नेता को रीढ की हडडी होते हैं और आप लोगों के साथ की वजह से ही मैंने विधायक बनने का छक्का लगाया है। मै चाहता हूं कि आप इसी तरह से चिरंजीव राव का भी साथ दें जिस तरह से मैंने आप लोगों की सेवा की है उसी तरह चिरंजीव राव भी आपकी सेवा करेगा। कैप्टन अजय सिंह ने सभी से अपील भी की आने वाली 5 अक्टूबर को हाथ के सामने वाला बटन दबाकर चिरंजीव राव को भारी बहूमत से जीताएं।वहीं विधायक चिरंजीव राव ने कहा कि जिस तरह चारों तरफ लोगों का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है उससे साफ पता चलता है कि माहौल कांग्रेस पार्टी के पक्ष में है। इस बार कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है, कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर रेवाडी के रूके हुए सभी कार्यों को पूरा किया जाएगा। पिछली बार भाजपा ने 75 पारा का नारा देकर लोगों को घुमराह किया था लेकिन इस बार तो सरकार बनाने का भी दावा नही कर रहे हैं। इससे साफ पता चलता है कि भाजपा की हालत कितनी खराब हो गई है। पिछले 10 साल में रेवाडी में तो कोई बडी परियोजना आई ही नही बल्कि प्रदेश में भी कोई विकास कार्य नही किए। पिछले 10 सालों में गिनवाने के लिए भाजपा के पास कोई भी उपलब्धि नही है। वहीं टिकटों के चक्कर में भाजपा की कलह खुलकर सामने आ गई है। भाजपा हमेशा कांग्रेस पार्टी पर गुटबाजी का आरोप लगाती आई है लेकिन अब जनता देख रही है कि अपने स्वार्थ के चक्कर में भाजपा नेताओं की फूट सामने आ गई है। कई बार बैठके होने के बाद भी भाजपा अपनी टिकट वितरण नही कर पा रही है जिससे साफ पता चलता है कि भाजपा कितनी कमजोर हो चुकी है। जिला पार्षद मनीराम यादव ने सभी कार्यकताओं का धन्यवाद किया और चिरंजीव राव को भारी मतों से जीताने की अपील की।

## टीपी स्कीम में गणेश महोत्सव को लेकर समिति ने की बैठक



**समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया**

**रेवाड़ी।** नगर की प्रमुख कालोनी टीपी स्कीम 9 में सातवां श्री गणेशोत्सव मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। पुरुष जहाँ छोटे छोटे समूहों में बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, वहीं महिलाएं भी टोलियां बनाकर घर घर उत्सव का निमंत्रण दे रही हैं। समारोह में विभिन्न कालोनियों के श्रद्धालु भाग लेंगे। समिति के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि प्रधान मुकेश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यकताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि समारोह कि शुरूआत शनिवार, सात सितंबर को कलशयात्रा से की जाएगी। टीपी स्कीम कॉम्प्लेक्स परिसर में आयोजित इस समारोह में टीपी स्कीम के अतिरिक्त सज्जन कालोनी, गौतम नगर व सुभाष नगर के श्रद्धालु भी भाग लेंगे। कलश यात्रा गौतम नगर गली नंबर दो स्थित श्री विश्वनाथ शिव मंदिर से शुरू होकर विभिन्न कालोनियों से होकर आयोजन स्थल पर पहुँचेगी। इसी दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया हैं। रविवार 8 सितंबर को प्रतिभा सम्मान समारोह व मेले का आयोजन किया गया है। इस समारोह में बुधवार,11 सितंबर को कौन बनेगा भाग्यशाली धार्मिक क्वीज प्रतियोगिता व 14 सितंबर को आयोजित डांडिया नाइट मुख्य आकर्षण होंगे। समारोह में आकषर्क झाकियां भी निकाली जाएंगी। प्रतिदिन सुबह 8 बजे व शाम 8 बजे आरती तथा शाम पाँच बजे महिला संकीर्तन होगा। रविवार 15 सितंबर को सुबह हवन व भंडारे के साथ उत्सव का समापन होगा।बैठक में प्रधान के अतिरिक्त समिति के संरक्षक सतीश अग्रवाल, उपप्रधान अनिल सैनी, सचिव मनोज गोयल, सहसचिव अजय सहगल, कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह, सह कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश तनेजा, कार्यकारिणी सदस्य शरद गोयल, योगेश भारद्वाज, हेमंत अग्रवाल समेत सदस्यों एवं महिला समिति को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई।

# अखिल भारतीय जांगिड़ ब्रह्मण प्रादेशिक सभा ने आयोजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह।

**समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया**



**रेवाड़ी।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण प्रादेशिक सभा हरियाणा के तत्वाधान में समाज के सहयोग से धारुहेड़ा के नंदरामपुर बास रोड स्थित करुनेश वाटिका में हरियाणा प्रदेश जांगिड़ समाज के मेधावी व प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उक्त जानकारी देते हुऐ अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण

महासभा के मीडिया प्रभारी धीरज शर्मा जांगड़ा ने बताया कि जांगिड़ समाज के पूरे हरियाणा प्रदेश के वो विद्यार्थी जिनका सत्र 2023- 24 में सरकारी कॉलेज में एमबीबीएस, आईआईटी में एडमिशन हुआ हो या वे विद्यार्थी जिन्होंने इसी सत्र में 10वीं व 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत व इससे अधिक अंक अर्जित किये थे साथ ही खेल जगत मे राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर पदक लाकर समाज का नाम रोशन किया, ऐसे करीब 200 प्रतिभाशालियों का सम्मान किया गया। मंच संचालन बड़े ही कुशल रूप से प्रदेश महामंत्री विजय कुमार जांगिड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएम सतीश शर्मा डायरेक्टर पीकेएन मोटर्स खुशखेड़ा की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि के रूप में दीपक जांगिड़, अति विशिष्ट अतिथि के रूप मे हनुमान प्रसाद जांगिड़ फरीदाबाद प्रसिद्ध उद्योगपति व समारोह के अध्यक्ष के रुप मे अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा दिल्ली के प्रधान रामपाल जांगिड़ ने शिरकत की।कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि रमेश चंद सरपंच कासन वाले प्रधान शिरोमणि सभा हरिद्वार किसी कारणवश कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए लेकिन उन्होंने फोन पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी अतिथियों का जोरदार तरीके से स्वागत अध्यक्ष खुशी राम जांगिड़ व सह स्वागत अध्यक्ष करुनेस वाटिका के मालिक समाज के जियाराम ने सामूहिक रूप से सभी समाज बंधुओ को साथ लेकर स्वागत किया। तत्पश्चात झंडा अभिवादन के बाद श्री विश्वकर्मा जी की मूर्ति पर दीप प्रज्वलन किया गया। रेवाड़ी के विश्वकर्मा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में महासभा, प्रदेश सभा, हरियाणा प्रदेश की सभी जिला सभाएं, ब्लॉक व शाखा सभाओं के पदाधिकारियो सहित समस्त जांगिड़ समाज बंधुगण, अभिभावक गण सह-परिवार शामिल हुऐ, कार्यक्रम के पश्चात अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण प्रादेशिक सभा हरियाणा की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी जिला अध्यक्षों ने अपने विचार व्यक्त किये,सभी जिला अध्यक्षों ने सामूहिक रूप से प्रदेश सभा द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के कार्यक्रमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। राष्ट्रीय प्रधान रामपाल व प्रदेश अध्यक्ष खुशी राम जांगिड़ ने अपने संबोधन में कहा कि आज शिक्षा ही एक मात्र ऐसा साधन है जो हमें बुलंदियों पर पहुंचा सकती है किसी भी समाज की उन्नति का यह मुख्य अंग है। अंत में प्रदेश अध्यक्ष ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी समाज बंधुओ को बधाई दी व उनका धन्यवाद व्यक्त किया तत्पश्चात सभी ने मिलकर भोजन ग्रहण किया।

## विधायक चिरंजीव राव बने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व राजस्थान के सह प्रभारी

**समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया**

**रेवाडी।** विधानसभा रेवाड़ी सीट से विधायक चिरंजीव राव को कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने के साथ साथ राजस्थान का सह प्रभारी नियुक्त किया है। जिसके लिए चिरंजीव राव ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। चिरंजीव राव ने कहा सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जो जिम्मेदारी दी है उसका ईमानदारी व निष्ठा से निवृहन करेंगें। चिरंजीव राव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के बेटे तो हैं ही साथ ही बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालु प्रसाद यादव के दामाद भी हैं। कैप्टन अजय सिंह यादव का परिवार गांधी परिवार के काफी नजदीकी है। कैप्टन अजय सिंह यादव के पिता राव अभय सिंह रेवाडी से 3 बार विधायक रह चुके हैं वही कैप्टन अजय सिंह यादव स्वंय 6 बार रेवाडी से विधायक तो चिरंजीव राव ने अपने पहले ही चुनाव में रेवाडी से विधायक बन चुके हैं। अभी अगले महिने 5 अक्टूबर को हरियाणा में विधानसभा चुनाव हैं ऐसे में उनको बडी जिम्मेदारी मिलना बहुत बडी बात है और हरियाणा में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिस तरह से ईलाके में चिरंजीव राव को डिप्टी मुख्यमंत्री की मांग उठ रही है और उनको पार्टी में तवज्जों मिल रहा है तो डिप्टी मुख्यमंत्री की कुर्सी भी आती दिख रही है। चिरंजीव राव के डिप्टी मुख्यमंत्री बनने से ईलाके का फायदा होगा, यह दक्षिणी हरियाणा के लिए सुखद खबर है।

## कोसली बाबा मुक्तेश्वर पुरी मठ में 13 को जागरण व 14 को भंडारा



**समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया**

**रेवाड़ी।** कोसली स्थित बाबा मुक्तेश्वर पुरी मठ में हर वर्ष को भांति हवन यज्ञ, जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिला पार्षद जीवन हितैषी व सरपंच रामकिशन ने बताया की 13 सितंबर की संध्या में जगराते के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया जायेगा व 14 सितंबर को मठ में भंडारे का आयोजन होगा। मठ के महंत शिवपुरी महाराज एवं समस्त ग्रामवासी कार्यक्रम के आयोजक रहेंगे। उन्होंने बताया की 800 पुराने मठ से कोसलिया गोत्र व आसपास के लोगो का विशेष लगाव है। कार्यक्रम में संत महात्माओं को सम्मानित किया जाएगा। भंडारे के दिन दुर दराज रहने वाले लोग एकत्रित हो जाते हैं। अधिकतर बहन बेटियां भी आकर पुरानी सखियों से मुलाकात कर जाती है ।अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण के लिए आमंत्रित किया है।

## मांगों को लेकर पीएनबी पेंशनर्स एंड रिटायरीज ने की बैठक

**समाचार गेट निकिता माधोगढ़िया**



**रेवाड़ी।** आल इण्डिया पंजाब नैशनल बैंक पेंशनर्स एण्ड रिटायरीस एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) की मण्डल कार्यकारिणी रेवाड़ी की बैठक का आयोजन एस पी यादव की अध्यक्षता में अग्रणी बैंक कार्यालय, नई अनाज मण्डी, रेवाड़ी में किया गया।आज की बैठक में वर्तमान में चल रही परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिनमें कम्युटेशन कटौती पर मान्य पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ द्वारा लगाई गई रोक (स्टे) व स्वास्थ्य बीमा पर चल रही बैंक से बातचीत बारे सभी को अवगत कराया गया। मण्डल सचिव अरुण गुप्ता ने बताया कि रिटायरीस की हरियाणा राज्य इकाई के पुनर्गठन पर मण्डल इकाई से प्रतिनिधित्व प्रदान करने बारे भी आम सहमति से नाम साझा किए गए जिनमें चरखी दादरी से आजाद सिंह, नारनौल से सी एस जालवान व ओ पी चौहान और रेवाड़ी से आर सी यादव, जीत सिंह टाइगर, एस पी यादव व अरुण गुप्ता के नाम रखे गए। बैठक में प्रेम सिंह, राम किशन परिहार व आजाद सिंह (चरखी दादरी), एस पी यादव, आर सी यादव, डीपी गर्ग, भूप सिंह, सतीश बठला, जीत सिंह टाइगर व अरुण गुप्ता (रेवाड़ी) तथा ओ पी चौहान, महिपाल चौहान, रणबीर नांदल, जाहल सिंह, बनी सिंह यादव, हेम राज शर्मा, सीएस जालवान व एससी गोयल आदि ने भाग लिया।

# जिला पुलिस व आरपीएफ जवानो ने थाना खोल क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च

**समाचार गेट/संजय शर्मा**



**फरीदाबाद।** तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर का गांव भुआपुर में जोरदार स्वागत हुआ। रैबारी चौपाल पर आयोजित इस कार्यक्रम में गांव की सरदारी जुटी। वर्तमान एवं पूर्व के सरपंच भी जुटे और विधायक को पूर्ण समर्थन की बात कही। गांव के बुजुर्गों ने सर पर हाथ रख कर आशीर्वाद दे दिया। जब राजेश नागर चौपाल के नजदीक पहुंचे तो गांव के उत्साही युवकों ने उन्हें कंधों पर बैठा लिया और जोरदार नारेबाजी करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। जहां सभी ने विधायक को फूलमालाओं और पगड़ी के साथ अभिनंदन किया। इस अवसर पर नागर ने कहा कि वह गांव के सभी लोगों से परिचित हैं और 2019 में भारी मतों के साथ मुझे विधानसभा पहुंचाने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। आपसे तीसरी बार सरकार बनाने के लिए समर्थन मांगने के लिए आया हूं। जिस पर सभी ने हाथ उठाकर पूरा समर्थन देने की बात कही। विधायक राजेश नागर ने कहा कि आपके गांव के रोड दशकों से नहीं बनाए जा रहे थे लेकिन आपने मुझे ताकत दी। उसके साथ मैंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से लगभग सभी सड़कों को बना दिया है वहीं फिरनियों को भी पक्का किया गया है। आगे भी आप लोग कोई आदेश करेंगे, उस काम को प्राथमिकता के साथ करेंगे। आप लोग हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने के लिए मुझे अपना आशीर्वाद दें। इस अवसर पर भुआपुर सरपंच कैप्टन गिरधारी लाल तोमर, सरपंच उमेध, रिछपाल पूर्व सरपंच, डॉ कर्मवीर नागर, एडवोकेट एमएस नागर, विकल नागर, बीडीसी प्रवीण कुमार, बाबू समरवीर नागर, सरपंच अजब नागर, भतौला ओमकार प्रधान, सरपंच सुरेंद्र, सरपंच रतन एडवोकेट, सरपंच केहर सिंह, सरपंच विक्रम नागर, महावीर थानेदार, सरपंच सुभाष भाटी, सरपंच राजेंद्र नागर, पंडित हरीचंद वत्स, जयपाल नम्बरदार, दयानन्द नागर, पंडित हरीओम शर्मा, राजेंद्र गोपाल, बीपी नागर, सुरेंद्र बिधूडी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष एमएस नागर, अमित भारद्वाज, किशन नागर, जगत सिंह नागर, दयानंद नागर, सरपंच धर्म सिंह रायपुर, सतबीर नागर, पूर्व बीडीसी तेज सिंह अघाना, भाजपा के तिगांव मंडल अध्यक्ष गिरिज त्यागी, खेड़ी मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा, संतराज महाशय, बीडीसी जग्गी प्रधान, रघुविन्द्र नम्बरदार, रवि नम्बरदार, खेड़ी मंडल युवा मोर्चा दीपक पोसवाल, कृष्ण अघाना हाडा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मारुति, टाटा मोटर्स की बिक्री में गिरावट, किआ इंडिया में 17 प्रतिशत की तेजी

## - मारुति सुजुकी की बिक्री 5.3 प्रतिशत, टाटा मोटर्स की आठ प्रतिशत घटी

नई दिल्ली । देश की प्रमुख कार बनाने वाली कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया और सबसे बड़ी वाहन कंपनी टाटा मोटर्स की बिक्री में अगस्त में गिरावट देखी गई है। मारुति सुजुकी ने बताया कि उसकी कुल घरेलू बिक्री 5.3 प्रतिशत घटकर 1,55,779 इकाई रह गई, जबकि पिछले साल यह 1,64,468 इकाई थी। ऑटोमेकर ने अगस्त में 26,003 इकाइयों का निर्यात किया, जो पिछले साल की समान अवधि की 24,614 इकाइयों से अधिक है। चालू वित्त वर्ष के दौरान अप्रैल-अगस्त की अवधि में मारुति सुजुकी इंडिया ने कुल 8,78,691 इकाइयों की बिक्री की, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की 8,68,742 इकाइयों की तुलना में कम है।

टाटा मोटर्स की कुल घरेलू बिक्री करीब आठ प्रतिशत घटकर 70,006 इकाई रह गई। पिछले साल अगस्त में यह आंकड़ा 76,261 इकाई रहा था। घरेलू बिक्री और निर्यात समेत कंपनी की कुल बिक्री भी एक साल पहले की 78,010 इकाई से घटकर 71,693 इकाई पर आ गई। कंपनी के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 15 फीसदी की गिरावट के साथ 27,207 इकाई रह गई। इसमें घरेलू बिक्री 16 फीसदी घटकर 25,864 इकाई हो गई है। कंपनी के यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री तीन प्रतिशत घटकर 44,142 इकाई रही। इसके अलावा कंपनी के यात्री वाहनों का निर्यात 18 फीसदी घटकर 344 इकाई पर आ गया। किआ इंडिया ने अगस्त में 22,523 इकाइयों की घरेलू बिक्री दर्ज की, जो पिछले साल के इसी महीने में बेची गई 19,219 इकाइयों की तुलना में 17.19 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने बताया कि नई सोनेट की 10,073 इकाइयां बिकीं, जिसका इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान रहा। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर इंडिया की कुल बिक्री अगस्त में 35 प्रतिशत बढ़कर 30,879 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले यह 22,910 इकाई थी। टोयोटा किर्लोस्कर के सेकेंड हैंड कारों की बिक्री-सेवा कारोबार के एक अ धिकारी ने कहा कि त्योहारी सीजन से पहले हमारे उत्पादों की मांग में उछाल बना हुआ है। अगस्त में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 4,571 इकाई हो गई। कंपनी ने पिछले साल की समान अवधि में 4,185 इकाइयां बेची थीं। कंपनी 11 सितंबर को भारतीय बाजार में एक नया मॉडल विंडसर लॉन्च करेगी।

# पेट्रोल-डीजल यूपी के कई शहरों में सस्ता तो कहीं हुआ महंगा

नई दिल्ली ।



वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर तेजी देखी गई है। इसका असर देश में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर भी दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से सोमवार सुबह जारी तेल की कीमतों में कई शहरों में उछाल दिख रहा है। देश के चारों महानगरों में पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतम बुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 11 पैसे सस्ता होकर 94.83 रुपये लीटर, डीजल भी 12 पैसे गिरा और 87.96 रुपये लीटर पहुंच गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 26 पैसे महंगा होकर 94.65 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 30 पैसे चढ़कर 87.75 रुपये लीटर बिक रहा है। लखनऊ में पेट्रोल 12 पैसे महंगा हुआ और 94.65 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 14 पैसे चढ़कर 87.76 रुपये लीटर के भाव है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी उछाल दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 76.46 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी बढ़त के साथ 73.13 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है।

# सरकारी कंपनियों के बोनस शेयर और बायबैक नियमों में होगा बदलाव




## सरकार 2016 के दिशानिर्देशों में करेगी संशोधन

नई दिल्ली । शेयर बाजार में लिस्टेड सरकारी कंपनियों के स्टॉक में डिविडेंड, बोनस शेयर और शेयर बायबैक से जुड़े नियमों में सरकार संशोधन करने जा रही है। दरअसल इस मामले में सरकार 2016 के दिशानिर्देशों में संशोधन करने पर काम कर रही है। अधिकारियों ने कहा है कि इस महीने वित्त मंत्रालय द्वारा रिवाइज्ड गाइडलाइंस जारी किए जाने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय ने मई 2016 में सीपीएसई में सरकारी निवेश के कुशल प्रबंधन के लिए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के पूंजी पुनर्गठन पर डिटेल्ड गाइडलाइंस जारी की थी। एक अधिकारी ने बताया ` कि सीपीएसई अब बहीखाते के मामले में ज्यादा मजबूत हैं और उनके मार्केट कैपिटलाइजेशन में सुधार हुआ है इसलिए अब पूंजी पुनर्गठन दिशानिर्देशों पर फिर से विचार करने का समय आ गया है। जारी किए गए पूंजी पुनर्गठन दिशानिर्देशों के अनुसार जिन सीपीएसई के पास व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए अपनी पूंजी को अनुकूलतम रूप से निवेश करने की योजना नहीं है, उन्हें अधिशेष निधियों पर पेशेवर रूप से विचार करना चाहिए। निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग के मई 2016 में जारी दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक सीपीएसई को मुनाफे का 30 प्रतिशत या कुल परिसंपत्ति का 5 प्रतिशत न्यूनतम एनुअल डिविडेंड देना आवश्यक है। इसके साथ ही कम से कम 2,000 करोड़ रुपये की कुल परिसंपत्ति और 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और बैंक जमा वाले प्रत्येक सीपीएसई को शेयर पुनर्खरीद का विकल्प चुनना जरूरी है। , बोनस शेयर भी तभी जारी किए जाएंगे, जब सीपीएसई के निर्धारित भंडार और अधिशेष उसकी चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के 10 गुना के बराबर या उससे ज्यादा हो।

# सरकार लाएगी रिपेयर इंडेक्स, दिसंबर तक होगा लांच

नई दिल्ली ।

जल्द ही आपको टीवी या मोबाइल खरीदते वक्त पता चल जाएगा कि आप जो इलेक्ट्रॉनिक आइटम खरीद रहे हैं वह खराब होने पर आसानी से दोबारा रिपेयर हो जाएगी या आपको उसे ठीक कराने में काफी पापड़ बेलने पड़ेंगे। इसके लिए सरकार रिपेयर इंडेक्स लाएगी। यह इंडेक्स इस साल दिसंबर तक लॉन्च हो जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के रिपेयर सूचकांक से बढ़ती ई-कचरे की समस्या का समाधान होगा और निर्माताओं को अधिक आसानी से मरम्मत योग्य उत्पाद बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय इसे बनाएगा। उपभोक्ताओं को यह जानकारी देने के लिए प्रमुख मापदंडों पर स्कोर प्रदान करेगा कि किसी उत्पाद की मरम्मत कितनी आसानी से की जा सकती है। एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए, उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने मंत्रालय के रिपेयर इंडेक्स बनाने की योजना की जानकारी दी। प्रस्तावित सूचकांक अन्य देशों के रिपेयर इंडेक्सेस के अध्ययन के बाद बनाया जा रहा है। फ्रांस का रिपेयर इंडेक्स पांच मानको पर आधारित होता है। यह तकनीकी दस्तावेजों की उपलब्धता, डिसएसेंबली में आसानी, स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता और कीमत जैसे मानदंडों पर उत्पादों को रेटिंग देता है। भारतीय रिपेयर इंडेक्स भी किसी भी उत्पाद को पांच में से कोई एक रेटिंग देगा। गौरतलब है कि सरकार ने पहले ही एक राइट टू रिपेयर पोर्टल लॉन्च कर दिया है, जिसमें 63 कंपनियां शामिल हैं। भारत, चीन और अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक कचरा उत्पादक है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के संस्थापक अजय चौधरी ने कार्यशाला में कहा कि आज, अधिकांश उत्पाद मरम्मत योग्य नहीं हैं। हमें ऐसे उत्पाद डिजाइन करने की आवश्यकता है जिन्हें मरम्मत किया जा सके। जब तक हम कानून नहीं बनाते, चीजें नहीं बदलेंगी। इसलिए इस दिशा में कानून बनाने की जरूरत है। मालूम हो कि आजकल बाजार में बिक रहे टीवी-मोबाइल जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के साथ सबसे बड़ी दिक्कत इनकी रिपेयरिंग है। खराब होने पर इनकी मरम्मत आसानी से नहीं होती। कुछ के ओरिजिनल पार्ट्स नहीं मिलते और मजबूरी में घटिया कलपुर्जे डलवाकर काम चलाना पड़ता है।

# एक अरब डॉलर लेकर.....तीन कंपनियों को खरीदने निकले गौतम अडानी

मुंबई । हिंडनबर्ग रिसर्च के जिन्न का पीछा छूटने के साथ ही अडानी ग्रुप फिर फ्रंटफुट पर आ गया है। देश के तीसरे बड़े औद्योगिक घराने ने अपने फूड और एमएमसीजी बिजनस को बढ़ाने के लिए एक अरब डॉलर यानी करीब 8,388 करोड़ रुपये का फंड बनाया है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया जा रहा है। देश में पैकेज्ड कंज्यूमर गुड्स का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और गौतम अडानी इसका फायदा उठाना चाहते हैं। अडानी ग्रुप के एफएमसीजी कंपनी अडानी विल्मर देश के दक्षिणी और पूर्वी क्षेत्र में कम से कम तीन कंपनियों को खरीदने की तैयारी में है। इसमें रेडी-टु-कुक फूड्स और पैकेज्ड एडिबल ब्रांड्स शामिल हैं। अडानी विल्मर में अडानी और सिंगापुर के विल्मर ग्रुप की हिस्सेदारी है। इसके पास फॉर्च्यून ऑयल और कोहिनूर राइस ब्रांड है। कंपनी हाल में स्टेक बेचने की तैयारी में थी लेकिन अब वह तेजी से कैपेक्स एक्सपेंडीचर कर रही है। अडानी की योजना कंज्यूमर फेसिंग बिजनस से रेवेन्यू को बढ़ाकर 25 से 30 फीसदी करने की है। इसमें फूड, एमएमसीजी, कमोडिटी और एयरपोर्ट बिजनेस शामिल है। सूत्रों ने बताया कि अडानी विल्मर की अगले दो से तीन साल में कई कंपनियों को खरीदने की योजना है। ग्रुप की नजर खासकर साउथ और ईस्ट के मार्केट पर है। वहां इस साल और अगले साल कम से कम तीन कंपनियों के अधिग्रहण की योजना है।

सूत्र ने कहा कि अडानी ग्रुप की योजना एफएमसीजी बिजनस पर 80 करोड़ से एक अरब डॉलर खर्च करने की योजना है। इसमें से प्रत्येक की वैल्यू कम 20 से 25 करोड़ डॉलर हो सकती है। अडानी विल्मर का पिछले साल रेवेन्यू 51,261.63 करोड़ रुपये रहा। फिलहाल कंपनी की मौजूदगी देश की पश्चिमी, सेंट्रल और उत्तरी राज्यों में है। लेकिन अब कंपनी दक्षिणी और पूर्वी राज्यों पर फोकस कर रही है। कंपनी इन इलाकों की टॉप कंपनियों को खरीदकर वहां अपनी मौजूदगी बढ़ाना चाहती है। टाटा और रिलायंस के बाद अडानी ग्रुप भारत का तीसरा बड़ा औद्योगिक ग्रुप है।

# मारुति सुजुकी ने ऑल्टो के10, एस-प्रेसो की कीमत घटाई



मुंबई । देश की वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने ऑल्टो के10 और एस-प्रेसो के चुनिंदा संस्करणों की कीमत में तत्काल प्रभाव से कटौती की है। मोटर वाहन विनिर्माता ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि एस-प्रेसो एलएक्सआई पेट्रोल की कीमत 2,000 रुपये और ऑल्टो के10 वीएक्सआई पेट्रोल की कीमत 6,500 रुपये घटाई गई है। ऑल्टो के10 की कीमत 3.99 लाख रुपये से 5.96 लाख रुपये के बीच है, जबकि एस-प्रेसो की कीमत 4.26 लाख रुपये से 6.11 लाख रुपये एक्स-शोरूम दिल्ली के बीच है। कंपनी की छोटी कारों की बिक्री अगस्त में घटकर 10,648 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने यह 12,209 इकाई थी।




# अदाणी एनर्जी ने खावड़ा पारेषण परियोजना का किया अधिग्रहण

नई दिल्ली । अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस (एईएसएल) ने खावड़ा चौथे चरण की पार्ट-ए पारेषण परियोजना के 298 किलोमीटर लंबे विशेष उद्देश्य वाहन (एसपीवी) का अधिग्रहण किया है। कंपनी बयान के अनुसार खावड़ा आईवीए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (एक एसपीवी) की स्थापना आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) द्वारा खावड़ा आरई पार्क से सात गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा निकालने के लिए की गई थी। एईएसएल अगले 24 महीने में गुजरात में बीओओटी (निर्माण, स्वामित्व, संचालन व हस्तांतरण) आधार पर परियोजना शुरू करेगी। बयान में कहा गया है ` कि कंपनी 298 किलोमीटर (596 सीकेएम) पारेषण परियोजना के निर्माण के लिए 4,091 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एईएसएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा ` कि दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा पार्क के रूप में खावड़ा को ऐसे बिजली निकासी बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है जो न केवल विश्व स्तरीय हो, बल्कि जुझारू तथा भविष्य के लिए भी तैयार हो।

# महिंद्रा की बिक्री अगस्त में नौ प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा की अगस्त में कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 76,755 इकाई हो गई। मोटर वाहन विनिर्माता की अगस्त 2023 में थोक बिक्री 70,350 इकाई रही थी। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बयान में कहा कि घरेलू बाजार में बिक्री पिछले महीने 16 प्रतिशत बढ़कर 43,277 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल अगस्त में यह 37,270 इकाई थी। कंपनी का कुल निर्यात अगस्त में 26 प्रतिशत बढ़कर 3,060 इकाई हो गया, जो एक वर्ष पहले इसी महीने में यह 2,423 इकाई था। एमएंडएम के अनुसार अगस्त में उसकी ट्रैक्टर की कुल बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 21,917 इकाई रही, जो अगस्त 2023 में 21,676 इकाई थी। महिंद्रा एंड महिंद्रा के एक अ धिकारी ने कहा कि आने वाले त्योहारों, सामान्य से बेहतर मानसून, खरीफ की अच्छी फसल और किसानों के लिए अनुकूल व्यापार शर्तों से ट्रैक्टर उद्योग की वृद्धि को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

# विलय की मंजूरी के बाद जीजीएल के शेयर में उछाल

नई दिल्ली। सरकार के स्वामित्व वाली गैस कंपनी गुजरात गैस लिमिटेड (जीजीएल) के शेयरों में सोमवार को भारी उछाल देखने को मिला है। जीजीएल के शेयर सोमवार को 13 प्रतिशत बढ़े हैं। शेयरों में तेजी की पीछे की वजह गुजरात गैस के बोर्ड की ओर से गुजरात स्टेट पेट्रोनेट लिमिटेड (जीएसपीएल) और गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (जीएसपीसी) के विलय और विभाजन मंजूरी को माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक गुजरात स्टेट पेट्रोनेट लिमिटेड (जीएसपीएल) ने एक अहम रीस्ट्रक्चर प्लान को मंजूरी दी है, जिसके तहत जीएसपीसी, जीएसपीएल और जीएसपीसी एनर्जी लिमिटेड (जीईएल) का गुजरात गैस लिमिटेड में विलय हो जाएगा। इस निर्णय का मकसद व्यावसायिक तालमेल और परिचालन दक्षता को बढ़ाना और इन संस्थाओं की होल्डिंग स्ट्रक्चर को सरल बनाना है। बता दें कि विलय के शर्तों के मुताबिक गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (जीएसपीसी) के शेयरहोल्डर्स को प्रत्येक 305 शेयरों के एवज में गुजरात गैस के 10 शेयर दिए जाएंगे, जबकि जीएसपीएल के शेयरधारकों को प्रत्येक 13 शेयरों के बदले गुजरात गैस के 10 शेयर मिलेंगे।




# महाराष्ट्र में अपनी पसंद का वाहन नंबर लेना हुआ महंगा

## - 0001 नंबर लेने के लिए खर्च करने पड़ेंगे छह लाख रुपए

नई दिल्ली । महाराष्ट्र सरकार ने नए वाहनों के लिए वीआईपी नंबर के लिए ली जाने वाली फीस बढ़ा दी है। बता दें कि मुंबई, पुणे और अन्य शहरों जैसे ज्यादा मांग वाले महाराष्ट्र के क्षेत्रों में चार पहिया वाहनों के लिए सबसे लोकप्रिय '0001' नंबर के लिए आपको अब छह लाख रुपये खर्च पड़ेंगे। परिवहन विभाग की 30 अगस्त की नोटिफिकेशन के अनुसार, चार पहिया वाहनों के लिए हाई प्रोफाइल नंबर '0001' की कीमत मौजूदा तीन लाख रुपये से बढ़कर पांच लाख रुपये हो जाएगी। इसके अलावा दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए यह फीस मौजूदा 50,000 रुपये के बजाय अब एक लाख रुपये होगी। मुंबई, मुंबई उपनगरीय, पुणे, ठाणे, रायगढ़, औरंगाबाद, नासिक, कोल्हापुर और नासिक जैसे उच्च मांग वाले क्षेत्रों में '0001' के लिए वीआईपी शुल्क छह लाख रुपये होगा, जबकि चार या अधिक पहियों वाले वाहनों के लिए यह चार लाख रुपये होगा।




# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से बाजार उछला है। दिन भर के कारोबार के बाद आज 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 194.07 अंक करीब 0.24 फीसदी बढ़कर 82,559.84 के स्तर पर बंद हुआ, वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50 0.17 फीसदी करीब 42.80 अंक बढ़कर 25,278.70 के स्तर पर बंद हुआ। इंट्रा डे कारोबार के दौरान आज सेंसेक्स 82,725.28 के उच्च स्तर और निफ्टी 25,333.65 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

सेक्टोरल इंडेक्स पर नजर डालें तो निफ्टी एफएमसीजी 0.82 फीसदी, निफ्टी आईटी 0.44 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक 0.51 फीसदी और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.66 फीसदी के बल पर शेयर बाजार को बढ़त बनाने में सहायता मिली। आज कारोबार के दौरान आईटी इंडेक्स अपने शीर्ष स्तर पर पहुंच गया जबकि निफ्टी मेटल -1.04 फीसदी, फार्मा -0.99 फीसदी, ऑटो -0.39 फीसदी और मीडिया 0.47 फीसदी ने बाजार पर विपरीत दबाव बनाया।



जानकारों के अनुसार अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और नए सिरे से विदेशी पूंजी के प्रवाह घरेलू इक्विटी में तेजी से बाजार को सहायता मिली है।

आज कारोबार के दौरान एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स पर आज 18 शेयर लाभ पर बंद हुए, जबकि निफ्टी के 27 शेयर उछले। सेंसेक्स पर बजाज फिनसर्व के शेयरों का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। बजाज फिनसर्व के शेयर आज 3.23 फीसदी की बढ़त के साथ ही 1840.10 रुपये पर बंद हुए। वहीं दूसरे नंबर पर बजाज फाइनेंस में 3.18 फीसदी की बढ़त रही।

इसके अलावा, सेंसेक्स के शीर्ष लाभ वाले शेयरों में एचसीएल टेक, आईटीसी, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट्स, इंफोसिस, अदाणी पोर्ट्स, एसबीआई, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा जैसे शेयर रहे।

वहीं आज सेंसेक्स के सबसे अधिक गिरावट वाले शेयरों में एनटीपीसी के शेयर रहे। इसके शेयर आज 1.57फीसदी की गिरावट के साथ 409.85 रुपये पर बंद हुए। इसके अलावा, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा एमएंडएम), भारती एयरटेल, पावरग्रिड, एलएंडटी, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, सनफार्मा, नेस्ले इंडिया, जेडीडब्ल्यू स्टील और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट पर बंद हुए।

दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में, सियोल और टोक्यो के शेयर शेयर उछले जबकि शंघाई और हांगकांग के शेयर नीचे आये अमेरिकी बाजार में भी गिरावट दर्ज की गयी।

इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला।

शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 222 अंक की बढ़त के साथ 82,58.53 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 50 97.70 अंक की बढ़त के साथ 25,333.60 पर कामकाज कर रहा था।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज ने जून तिमाही में सबसे अधिक संपत्तियां बेचीं

## 21 बड़ी रियल स्टेट कंपनियों ने जून तिमाही में 35 हजार करोड़ की संपत्तियां बेचीं

नई दिल्ली । देश में 21 रियल स्टेट कंपनियों ने अप्रैल-जून तिमाही के दौरान कुल मिलाकर लगभग 35,000 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां बेची हैं। इनमें गोदरेज प्रॉपर्टीज ने सबसे अधिक बिक्री बुकिंग की सूचना दी है। कुछ को छोड़कर, सभी प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट डेवलपर ने अप्रैल-जून तिमाही में बिक्री बुकिंग में वार्षिक वृद्धि दिखाई है। इसमें आवासीय संपत्तियों, विशेष रूप से लक्जरी घरों के लिए मजबूत उपभोक्ता मांग का बड़ा योगदान रहा है। शेयर बाजार को दी गई सूचनाओं के संकलित आंकड़ों के अनुसार भारत की 21 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 34,927.5 करोड़ रुपये की संयुक्त बिक्री बुकिंग की सूचना दी है। इन संयुक्त बिक्री बुकिंग में से बिक्री का बड़ा हिस्सा आवासीय क्षेत्र से आया। बिक्री बुकिंग के मामले में, गोदरेज प्रॉपर्टीज जून तिमाही में 8,637 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग के साथ सबसे बड़ी सूचीबद्ध कंपनी के रूप में उभरी। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे बड़ी रियल्टी कंपनी डीएलएफ लिमिटेड की चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बिक्री बुकिंग तीन गुना से अधिक की वृद्धि के साथ 6,404 करोड़ रुपये रही है। लोढ़ा ब्रांड के तहत संपत्तियां बेचने वाली मुंबई की मैक्रोटेक डेवलपर्स ने 4,030 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग दर्ज की। हाल ही में सूचीबद्ध हुई गुरुग्राम स्थित सिग्नेचर ग्लोबल ने जून तिमाही में 3,120 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल की, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में तीन गुना है।

बेंगलुरु स्थित प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स ने जून तिमाही में 3,029.5 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग दर्ज की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से कम है। बेंगलुरु स्थित फर्म शोभा लिमिटेड और ब्रिगेड एंटरप्राइजेज ने इस वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि के दौरान क्रमशः 1,874 करोड़ रुपये और 1,086 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेचीं।

# नया एमएसएमई क्रेडिट असेसमेंट मॉडल अगले साल होगा लांच

नई दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के लिए एक नया माइक्रो, छोटे और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्रेडिट असेसमेंट मॉडल मार्च 2025 तक लॉन्च होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस मॉडल की तैयारी तेजी से चल रही है और इसे वित्तीय वर्ष 2024-25 के आ खिर तक पेश करने की योजना है। एक पीएसबी अधिकारी ने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 25 के बजट में पीएसबी को एमएसएमई के लिए आंतरिक रूप से क्रेडिट मूल्यांकन की क्षमता विकसित करने का प्रस्ताव रखा था जिससे बाहरी मूल्यांकन की आवश्यकता कम हो सके। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि पीएसबी एक नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल विकसित या अधिग्रहित करेगी, जो एमएसएमई के डिजिटल फुटप्रिंट्स पर आधारित होगा। यह पारंपरिक क्रेडिट असेसमेंट पद्धतियों की तुलना में एक बड़ा सुधार होगा जो केवल संपत्ति या टर्नओवर मानदंडों पर निर्भर करती है। नए मॉडल में क्रेडिट मूल्यांकन के लिए पारंपरिक क्रेडिट स्कोर के बजाय एमएसएमई की सप्लाई-चेन डायनामिक्स, डिजिटल फुटप्रिंट्स, और उद्योग-विशिष्ट परिस्थितियों पर ध्यान दिया जाएगा। यह एक अधिक व्यापक और सटीक मूल्यांकन प्रदान करेगा।



# अजय की फिल्म दे दे प्यार दे 2 पर आया अपडेट, पंजाब में होगी की शूटिंग

अजय देवगन की आगामी फिल्म दे दे प्यार दे 2 को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। फिल्म की अधिकांश शूटिंग एक शहर के ग्रामीण इलाको में की जाएगी। वही इस फिल्म में शैतान के बाद अजय और आर माधवन की जोड़ी फिर से देखने के लिए प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी बहुर्चचित फिल्म दे दे प्यार दे 2 और सन ऑफ सरदार 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। अजय देवगन की आगामी फिल्म दे दे प्यार दे 2 काफी समय से चर्चा का विषय बनी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अब इस शहर के खुबसूरत और देहाती स्थानों पर फिल्माया जाएगा। अजय देवगन, लव रंजन और भूषण कुमार सीक्वल के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। फिल्म वही से शुरू होगी जहा दे दे प्यार दे खत्म हुई थी। आइए आपको बताते हैं फिल्म दे दे प्यार दे 2 की ज्यादातर शूटिंग कौन से शहर में होगी।

### पंजाब में होगी दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिलहाल दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग पंजाब के कुछ खुबसूरत और देहाती स्थानों पर की जाएगी। पंजाब में फिल्म की शूटिंग कुल 45-50 दिनों तक शेड्यूल की गई है। इस फिल्म में अजय देवगन, आर. माधवन, रकुल प्रीत सिंह के अलावा बाकी कलाकार और क्रू के सदस्य अगले महीने पंजाब जाएंगे, जबकि इस समय अजय यूके में सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं।

### अनिल कपूर का होगा फिल्म में अहम किरदार



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दे दे प्यार दे 2 में अनिल कपूर भी नजर आएंगे। इस फिल्म में अनिल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बता दें साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में पहले से कहीं ज्यादा कॉमेडी देखने को मिलेगी। फिल्म में कई बेहतरीन सीन अजय देवगन और अनिल कपूर पर फिल्माए जाएंगे।

### फिर साथ दिखेगी आर माधवन और अजय की जोड़ी

दे दे प्यार दे 2 की पटकथा लव रंजन और तरुण जैन ने लिखी है और इसका निर्देशन अनुशुल शर्मा करेंगे। यह बहुप्रतीक्षित है और 2025 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक होगी। बता दें 2019 में आई पहली फिल्म में बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल की थी। इस फिल्म में तब्बू और जिमी शेरगिल ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई थी। दे दे प्यार दे 2 में रकुल प्रीत सिंह का किरदार अजय देवगन के किरदार को अपने परिवार से मिलवाएगा, जिसमें आर माधवन उसके पिता की भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म अजय देवगन और आर माधवन को उनकी पिछली फिल्म शैतान के बाद दूसरी फिल्म साथ में होगी।





# ओटीटी पर ऐसे रोल करना चाहती हूं, जिसमें हद ना पार करनी पड़े

**साउथ फिल्मों से करियर का आगाज करने वाली जैस्मीन भसीन ने टीवी पर भी खूब शोहरत बटोरी। कई सीरियल और रियलिटी शोज का हिस्सा रहीं, मगर बीते कुछ समय से उन्होंने पंजाबी फिल्मों का रुख कर लिया है। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई पंजाबी फिल्म अरदास सरबत दे भले दी से। उनसे एक खास बातचीत।**

**बीते कुछ समय से आप पंजाबी फिल्मों में नजर आ रही हैं, मगर टीवी पर भी आपने बहुत काम किया है, क्या टीवी पर आपकी वापसी होगी?**
टेलीविजन ने मुझे वह पहचान दी है। मुझे जो प्यार, जो पहचान और जो फैन फॉलोइंग मिली है, वह सब टीवी की वजह से है। और मैं छोटे पर्दे को कभी नहीं भूल सकती। यह मेरा घर है और जब दिल करेगा, मैं जरूर वापस आऊंगी। लेकिन एक आर्टिस्ट के तौर पर मुझे हर प्लेटफॉर्म पर काम करने का मौका चाहिए। फिर चाहे वह फिल्म हो, वेब सीरीज हो या टेलीविजन।

**ओटीटी पर काफी खुलापन है, तो क्या आप ओटीटी पर भी काम करने को उत्सुक हैं?**
इसी खुलेपन की वजह से मैं अभी तक मैं ओटीटी पर नहीं आई हूं, क्योंकि मेरे कुछ रिजर्वेशन हैं, कुछ सीमाएं हैं। इसी चक्कर में ऐसी कई चीजें हुई, जो अमल में नहीं आई, मगर जल्द ही मैं ओटीटी पर ऐसा कुछ जरूर करना चाहूंगी, जो दमदार हो, मगर उसके लिए मुझे अपनी हद पार न करनी पड़े। मैं चाहती हूं कि मैं ऐसी भूमिका करूं, जिसे मेरे मम्मी-पापा भी देखें, तो उन्हें शर्मिंदगी महसूस न हो। मुझे ओटीटी से परहेज नहीं, मगर किरदार को लेकर मैं उनका भी खयाल रखती हूं, जो मुझसे प्रेम करते हैं।

**आपने अपने करियर की शुरुआत दक्षिण की फिल्मों से की थी, मगर फिर आप छोटे पर्दे पर आईं और अब तो पंजाबी सिनेमा से जुड़ गई हैं, तो ये शिफ्ट आपके लिए ज्यादा सहूलियतभरा था, क्योंकि यहां की भाषा से आप वाकिफ हैं?**
सच कहूं, तो मैंने कभी सोचा तक नहीं था कि मैं कभी ग्लैमर जगत का हिस्सा बनूंगी। मैंने जयपुर से हॉस्पिटैलिटी में ग्रेजुएशन पूरी की और उसके बाद मैं दिल्ली में ताज पैलेस में काम करने लगी। उसी दौरान मुझे मॉडलिंग के प्रस्ताव मिले और फिर उसी के जरिए मुझे साउथ की एक फिल्म मिली। तब मुझे अहसास हुआ कि मुझे अभिनय के क्षेत्र में आना है। जब मुझे लगा कि अभिनय में अपना करियर बनाना है, तो उसके लिए मुझे मुंबई आना पड़ेगा। बस मेरा सफर शुरू हुआ और टीवी में एंट्री हुई। दक्षिण से पंजाबी फिल्मों का रुख करना मेरी कोई सोची -समझी रणनीति नहीं थी। हां, मातृभाषा पंजाबी होने के कारण मेरे लिए आसानी रही। जब आप उसी कल्चर से ताल्लुक रखते हैं, तो माहौल आपके लिए परिचित होता है। मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे अच्छे लोगों का साथ मिला।

**बॉलीवुड में हीरोइनें हमेशा पे पैरिटी को लेकर शिकायत करती हैं। पंजाबी इंडस्ट्री की हीरोइन होने के नाते वहां आपका अनुभव कैसा रहा है?**
मेरा अनुभव तो यहां अच्छा रहा है। सच कहूं, तो पे पैरिटी के नजरिए से मैंने सोचा भी नहीं है, क्योंकि मुझे लगता है कि एक कलाकार होने के नाते मैं उस स्तर पर पहुंची नहीं हूं। मुझे वो वेलिडेशन नहीं मिला है अब तक। मुझे लगता है एक आर्टिस्ट को उसके काम से उसकी इज्जत मिलती है। उसे अपना सफर खुद तय करना होता है, आपको साबित करना पड़ता है। आज पंजाबी हो या हिंदी इंडस्ट्री, महिला प्रधान फिल्में खूब बन रही हैं। इंडस्ट्री में नायिकाओं को भी उनके हिसाब का मेहनताना मिल रहा है।

**अली गोनी आपको एक पार्टनर के रूप में कितना कॉम्प्लिमेंट करते हैं? हाल ही में आपकी आंखों की तकलीफ के समय अली ने आपको पूरा साथ दिया?**
चूंकि हम दोनों एक ही पेशे से हैं, तो वे मेरे कमिटमेंट समझते हैं। वे पार्टनर के रूप में बहुत ही सहयोगी हैं। वे मेरा बहुत खयाल रखते हैं।



# दर्शक ही आपकी किस्मत का फैसला करते हैं

टीवी शो कितनी मोहब्बत है और कुछ तो लोग कहेंगे से लेकर वेब सीरीज तांडव, बंबई मेरी जान और ग्यारह ग्यारह तक, कृतिका कामरा ने हमेशा अपने शानदार अभिनय से दर्शकों और आलोचकों को प्रभावित किया है। इसी बीच अभिनेत्री ने मनोरंजन इंडस्ट्री के चर्चित विषय नेपोटिज्म पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कृतिका ने हालिया बयान में साझा किया कि वह इस बहस से कितनी सहमत हैं। आइए अभिनेत्री के विचार पर गौर फरमा लेते हैं- कृतिका कामरा ने हाल ही में कहा कि वह हिंदी इंडस्ट्री में नेपोटिज्म को लेकर चल रही बहस से सहमत नहीं हैं और अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, लगन और कला में अपने अटूट विश्वास को देती हैं। नेपोटिज्म की बहस पर अपने विचार साझा करते हुए, कृतिका ने एक बयान में कहा, मैंने हमेशा अपने काम से जवाब देने में विश्वास किया है। मैं किसी भी कनेक्शन या पारिवारिक संबंधों के कारण यहां नहीं पहुंची हूं। कृतिका कामरा ने अपनी बात में जोड़ा, मुझे जो भी अवसर मिला है, वह सालों की कड़ी मेहनत और दृढ़ता का परिणाम रहा है। मुझे नहीं लगता कि नेपोटिज्म की बहस में फंसना फायदेमंद है, क्योंकि आखिरकार, दर्शक ही आपकी किस्मत का फैसला करते हैं। मैं उन शानदार भूमिकाओं के लिए आभारी हूं जो मुझे मिली हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि आप इस इंडस्ट्री में एक बाहरी व्यक्ति होकर भी काम के अवसर पा सकते हैं।

कृतिका कामरा को हाल ही में जी5 की वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह में देखा गया। उन्होंने फैंटेसी क्राइम थ्रिलर शो में पुलिस वामिका रावत की भूमिका निभाई, जो कोरियाई सीरीज सिग्नल का आधिकारिक हिंदी रीमेक था। करण जौहर और गुनीत मोंगा द्वारा अपने बैनर धर्माटिक एंटरटेनमेंट और सिख्या एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित ग्यारह ग्यारह में राघव जुयाल और धैर्य करवा भी पुलिस की भूमिका में हैं। सीरीज में तीनों 1991 से 2016 तक अलग-अलग समयसीमा में हत्या के मामलों को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। आने वाले दिनों में भी कृतिका कामरा काफी ज्यादा बिजी रहने वाली हैं। अभिनेत्री की पाइपलाइन में कुछ बेहतरीन प्रोजेक्ट्स हैं। कृतिका कामरा जल्द ही विजय वर्मा के साथ प्राइम वीडियो के शो मटका किंग में नजर आएंगी। इसके अलावा उन्हें प्रतीक गांधी के साथ नेटफ्लिक्स की जासूसी थ्रिलर फॉर योर आइज ओनली में भी देखा जाएगा।



# शोभिता धुलिपाला से धूमधाम से शादी नहीं करेंगे नागा चैतन्य!

साउथ एक्टर नागा चैतन्य अपनी जिंदगी की दूसरी पारी शुरू करने जा रहे हैं। सामंथा रुथ प्रभु को तलाक देने के बाद अब वो शोभिता धुलिपाला को अपना हमसफर बनाने जा रहे हैं। बीते दिनों उनकी सगाई हुई और अब जोरशोर से शादी की तैयारी चल रही है। अभी वेडिंग डेट और वेन्यु को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन अफवाह है कि दोनों मार्च 2025 में डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगे। अब नागा ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और कुछ खुलासे किए हैं। नागा चैतन्य ने ये भी खुलासा किया कि वो शोभिता से बिग फैट वेडिंग (ग्रैंड वेडिंग) नहीं करना चाहते हैं। उनका मानना है कि शादी उन लोगों के बारे में है, जो उनके लिए बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने कहा, शादी उन लोगों के बारे में है जो मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। यह एक बहुत बड़ी शादी नहीं है, लेकिन लोगों की संस्कृतियों और परंपराओं को ध्यान में रखना चाहिए, इसलिए मैं चाहता हूं कि यह (शादी) ऐसी ही हो। शोभिता से सगाई से पहले नागा चैतन्य ने सामंथा रुथ प्रभु से शादी की थी।कुछ समय तक डेट करने के बाद 2017 में शादी की। दोनों 2021 में अलग हो गए।

# रजनीकांत की फिल्म कुली में प्रीति बन छाएंगी श्रुति हासन



सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। फिल्म पर आए दिन कोई ना कोई अपडेट सामने आ रहा है। निर्माताओं ने अब एक-एक कर इसकी स्टारकास्ट से पर्दा उठाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में लोकेश कनगराज ने फिल्म की पहली महिला लीड का खुलासा किया है। आगामी गैंगस्टर एक्शन ड्रामा के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पेज पर अभिनेत्री श्रुति हासन के किरदार पोस्टर को साझा किया, जिसे देखकर प्रशंसक गदगद हो उठे हैं। निर्माताओं की तरफ से जारी किए गए मोनोक्रोमैटिक पोस्टर में अभिनेत्री को रजनीकांत अभिनीत फिल्म में प्रीति के रूप में पेश किया गया है। नए किरदार पोस्टर में श्रुति हासन को एक कुदाल पकड़े हुए दिखाया गया है। पोस्टर में अभिनेत्री का इंटेंस लुक देखते ही बन रहा है। दिलचस्प बात यह है कि उनकी लाल बिंदी भी हाईलाइट की गई है।

नए रोमांचक अपडेट को साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, कुली की दुनिया से श्रुति हासन को प्रीति के रूप में पेश कर रहे हैं। इससे पहले, निर्माताओं ने मलयालम अभिनेता सौबिन शाहिर और तेलुगु स्टार नागार्जुन के पोस्टर से पर्दा उठाया था। हालांकि, निर्माताओं ने श्रुति हासन के किरदार के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी है, लेकिन यह व्यापक रूप से अनुमान लगाया गया है कि वह फिल्म में रजनीकांत की बेटी की भूमिका निभाएंगी। हालांकि, इस पर अभी भी आधिकारिक अपडेट का इंतजार है।



# पत्नी पत्रलेखा के साथ फिर काम करना चाहते हैं राजकुमार राव

एक्टर राजकुमार अपनी पत्नी और एक्ट्रेस पत्रलेखा के साथ फिर से काम करने की इच्छा जताई है। एक्टर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह जल्द ही होगा। राजकुमार ने एक सवाल का जवाब देते हुए आईएएनएस को बताया कि उन्हें उम्मीद है कि यह जल्द ही होगा। मैं उनके साथ काम करना चाहता हूं। मुझे लगता है वह बहुत प्रतिभाशाली हैं उनमें टैलेंट भरा हुआ है। एक्टर ने अपनी पत्नी की प्रशंसा करते हुए कहा, जब बात उनके काम की आती है तो वह बहुत जुनूनी हो जाती हैं। वह बहुत भावुक एक्ट्रेस हैं। वह जो करती है, उसे पसंद भी करती हैं। अब उनकी एक सीरीज (आई 814- द कंधार हाईजैक) आने वाली है। इसलिए, अभी वह उसके प्रमोशन में बिजी हैं। लेकिन, मैं बहुत जल्द ही उनके साथ काम करना पसंद करूंगा।

राजकुमार और पत्रलेखा साल 2010 से एक साथ हैं। वह 2014 में आई फिल्म सिटीलाइट्स में नजर आए थे, जो ब्रिटिश फिल्म मेट्रो मनीला की रीमेक थी। इस फिल्म में राजस्थान के एक किसान की कहानी बताई गई है, जो रोजगार की तलाश में मुंबई आता है। राजकुमार की हाल ही में आई फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के नए रिकॉर्ड बनाए हैं। जो अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों की लिस्ट में छठे स्थान पर आ गई है। इस फिल्म को अमर कौशिक ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में राजकुमार के अलावा श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना भी हैं। राजकुमार ने फिल्म की सफलता पर बात करते हुए कहा, उन्हें अच्छा लगता है कि उनकी फिल्म बॉक्स-ऑफिस पर इतना अच्छा प्रदर्शन कर रही है। लेकिन, मेरे लिए केवल यही बात मायने नहीं रखती। मुझे लगता है कि मेरे लिए जो मायने रखता है, वह है एक अच्छी फिल्म का हिस्सा बनना। जरूरी नहीं कि हर अच्छी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करें। उन्होंने कहा कि उनके लिए अच्छी कहानियों का हिस्सा बनना और अच्छे प्रोड्यूसर के साथ काम करना बहुत अहमियत रखता है। बोले, आप जानते हैं कि एक कलाकार के रूप में पहचान बनाना और फिर बॉक्स ऑफिस पर अच्छा करना एक अलग भाव पैदा करता है, एक कलाकार के तौर पर निश्चित रूप से सम्मानित महसूस करता हूं।

